राजस्व विविध वाद सं0 06/2017–18

संध्या सिंह बनाम जसीमुद्दीन चौधरी एवं अन्य

Digitally signed by AJAY SINGH BARAIK
Date: 2025.10.14 13:26:06 +05:30
Location: 192.168.31.214

| आदेश की क्रम सं0 और तारीख 01 | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर 02 | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी, तारीख सहित 03 |
|---|---|---|
| | यह वाद आवेदक दिलीप कुमार सिंह ,पिता स्व0 हलधर सिंह , सा0 महेशपुर राज थाना –महेशपुर ,जिला –पाकुड़ के द्वारा दाखिल आवेदन के आधार पर प्रारम्भ किया गया ।सुनवाई के क्रम में आवेदक की मृत्यु हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती संध्या सिंह को मूल आवेदन में पक्षकार बनाया गया।<br><br>दिनांक 19.12.2024 को आवेदिका के विज्ञ अधिवक्ता को सुना गया एवं सम्पूर्ण अभिलेख का अवलोकन एवं अध्ययन किया गया । आवेदिका द्वारा दाखिल आवेदन से यह स्पष्ट नहीं होता है कि उनके द्वारा किस वाद मे पारित आदेश के विरूद्व इस न्यायालय मे आवेदन दिया गया है। उनके आवेदन एवं उपलब्ध दस्तावेज से स्पष्ट होता है कि प्रश्नगत विवादित भूमि की बिक्री स्वयं आवेदक दिलीप सिंह के द्वारा ही निबंधित केवाला के माध्यम से कर दिया गया है विवादित भूमि का उत्तरवर्त्ती अन्य केवाला भी निष्पादित है एवं दाखिल खारिज भी सम्पन्न है विपक्षी द्वारा इस न्यायालय के दाखिल खारिज वाद सं0 01/2011–12 में दिनांक 10.06.05 को पारित आदेश की छायाप्रति दाखिल किया गया है ,जिसके अवलोकन से यह स्पष्ट है कि प्रश्नगत विवादित भूमि को लेकर पूर्व में ही इस न्यायालय में उक्त अपीलवाद चला था जिसमें आदेश पारित किया जा चुका है। अब उसी भूमि को लेकर इसी न्यायालय में फिर से कोई अन्यथा आदेश पारित करना विधि के प्रतिकूल है ।<br><br>अतः आवेदिका के आवेदन को अस्वीकृत किया जाता है। आवेदिका यदि चाहे तो विवाद के निपटारा हेतु सक्षम व्यवहार न्यायालय की शरण में जा सकती है। वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है।<br><br>लेखापित एवं संशोधित। 19/01/25<br>भूमि सुधार उप-समाहर्त्ता,<br>पाकुड़।<br><br>19/01/25<br>भूमि सुधार उप–समाहर्त्ता,<br>पाकुड़। | w |

C:\Users\HP\Desktop\Pre-Emption Apeal 2024-25\Pre-Emption Order Sheet 1St Page.Docx 205